System Analyst
05/8/2025

क्र०सं० 2861/25
05/08/25

# श्री रत्न मोती संस्कृत महाविद्यालय
## क श्रेणी प्रथम वर्ग

गजनाश्रम के पास, गोकुल (मथुरा) –281303

पत्रांक : SRMNSM/104/SSV/02 दिनांक : 01-8-25

सेवा में,
श्रीमान कुल सचिव महोदय
सं० सं० विश्वविद्यालय – वाराणसी U.P.

विषय – प्रकाशित विज्ञापन को विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किये जाने के संबंध में अनुरोध पत्र

महोदय – नमस्कार

सादर निवेदन है कि विश्वविद्यालय के परिनियम व आपके पत्रांक संख्या 526/2025 दि० – 31-7-25 एवं 12.7.25 के अनुक्रम में पूर्व में प्रकाशित विज्ञापनों को पुनः दैनिक जागरण दि० 31-7-25 व दैनिक आज दि – 28-7-25 समाचार पत्रों में प्रकाशित करा दिया गया है

प्रकाशित विज्ञापनों की प्रति, पत्र के साथ संलग्न कर इस निवेदन के साथ माननीय को प्रेषित की जा रही है। कि इन विज्ञापनों को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर यथाशीघ्र अपलोड करने की कृपा करें

संलग्नक – ①
श्रीमान नि० वि० नि० मथुरा द्वारा स्वीकृत पदों का विवरण
② दोनों समाचारपत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों की प्रति।

भवदीय
[signature]
प्रबन्धक 1-8-25

प्रबन्धक / सचिव / मंत्री
श्री रत्न मोती संस्कृत महाविद्यालय
गोकुल, मथुरा–281303

श्री रत्न मोती संस्कृत महा० गोकुल – मथुरा-281303

प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
मथुरा।

सेवा में,

कुल सचिव,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,
वाराणसी।

पत्रांकःसंस्कृत/ 5593-78 /2024-25 दिनांकः- 26/11/2

विषयः-श्री रत्नमोती संस्कृत महाविद्यालय, गोकुल, मथुरा में प्राचार्य/प्रवक्ता/सहायक अध्यापक के की सूचना के प्रेषण के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्धक, श्री रत्नमोति संस्कृत महाविद्यालय, गोकुल, मथुरा के पत्रांकःएस.आर.एम.एम/218/05 दिनांक 22.11.2024 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रबन्धक, श्री रत्नमोति संस्कृत महाविद्यालय, गोकुल, मथुरा ने इस कार्यालय के पत्रांकःसंस्कृत/4999-5004/ 2024-25 दिनांक 22.11.2024 के द्वारा प्राचार्य/प्रवक्ता/सहायक अध्यापक के पद रिक्ति की सूचना में आंशिक संशोधन करने हेतु अनुरोध किया गया है।

प्रबन्धक, श्री रत्नमोति संस्कृत महाविद्यालय, गोकुल, मथुरा द्वारा महाविद्यालय में प्राचार्य/प्रवक्ता/सहायक अध्यापक की रिक्ति सूचना निम्नलिखित हैः-

| क्र0 सं0 | नाम व पदनाम | पद | नियुक्ति तिथि | सेवानिवृत्ति तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री बल्देव शास्त्री, | प्राचार्य | 01.08.1968 | 30.06.2003 | रिक्त |
| 2 | श्री गिर्राज प्रसाद शर्मा, | प्रवक्ता (साहित्य) | 01.07.1959 | 30.06.2000 | रिक्त |
| 3 | श्री गोविन्द राम शर्मा, | प्रवक्ता, (व्याकरण) | 10.07.1973 | 30.06.2007 | रिक्त |
| 4 | श्री दानबिहारी शर्मा | सहा0प्रवक्ता, (आधुनिक/हिन्दी) | 15.09.1992 | 26.02.2013 को आकस्मिक मृत्यु | मा0उ0न्यायलय इलाहावद मे योजित याचिका संख्या-8090/2024 श्री मनोज कुमार दीक्षित वनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य माननीय न्यायलय में शिक्षक (साहित्य) विचाराधीन है। |
| 5 | श्री विजय कुमार, | शिक्षक(हिन्दी) | 01.09.1976 | 30.06.2014 | रिक्त |
| 6 | श्री महेश भारद्वाज | शिक्षक(साहित्य) | 01.01.1987 | 30.06.2021 | रिक्त |
| 7 | श्री निष्फल नरेश, | शिक्षक(व्याकरण) | 01.04.1976 | वर्ष 2004 में त्यागपत्र | रिक्त |

अतः प्रबन्धक, श्री रत्नमोति संस्कृत महाविद्यालय, गोकुल, मथुरा द्वारा उपलब्ध करायी गयी रिक्ति की सूचना आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय

जिला विद्यालय निरीक्षक,
मथुरा।

पृ0संख्याःसंस्कृत/ /2024-25 तददिनांकः-

प्रतिलिपिः-निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2- निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- शिक्षा निदेशक (मा0) उ0प्र0 लखनऊ/प्रयागराज।
4- सचिव, उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्ष परिषद, शाहमीना रोड़, लखनऊ।
5- प्रबन्धक, श्री रतनमोती संस्कृत महाविद्यालय, गोकुल, मथुरा।

जिला विद्यालय निरीक्षक,
मथुरा।

# संशोधित विज्ञापन

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध श्री रत्न मोती संस्कृत महाविद्यालय, गोकुल, मथुरा में, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अनुमन्य वेतनमान में अधोलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु, आरक्षण नियमों के अन्तर्गत योग्य अभ्यर्थियों से प्रत्येक पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 25 दिवस के भीतर पंजीकृत डाक द्वारा इस प्रकार प्रेषित करें-

समस्त शैक्षणिक योग्यताओं की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न रु. 500/- (पाँच सौ रुपये) का बैंक ड्राफ्ट, जो प्रबन्धक, श्री रत्न मोती संस्कृत महाविद्यालय गोकुल (मथुरा) के पक्ष में देय हो, आवेदन पत्र में मोबाइल नम्बर उल्लिखित करें तथा एक रंगीन पासपोर्ट साइज स्वप्रमाणित संलग्न करें

**पदों का विवरण एवं अर्हताएँ:**

**1-प्राचार्य-01 पद**

क- वर्गीय विषय (साहित्य / व्याकरण) में से किसी एक विषय में द्वितीय श्रेणी में आचार्य (स्नातकोत्तर) उपाधि, स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 05 वर्ष का अध्यापन अनुभव

न्यूनतम आयु -- 30 वर्ष

परम्परागत उपाधि को वरीयता प्रदान होगी।

**2- प्रवक्ता (विभागाध्यक्ष), व्याकरण - 01 पद**

**3-शिक्षक, व्याकरण-01 पद**

**4-प्रवक्ता (विभागाध्यक्ष), साहित्य-01 पद**

**5-शिक्षक, साहित्य-01 पद**

**नोट:** शिक्षक (साहित्य) पद पर मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित याचिका संख्या- 8090/ 2024 (श्री मनोज कुमार दीक्षित बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य) के अन्तर्गत विचाराधीन है।

**6-सहायक प्रवक्ता (सहायक विभागाध्यक्ष), आधुनिक विषय-हिन्दी-01 पद**

**7-शिक्षक (आधुनिक विषय), समाजशास्त्र - 01 पद**

उपरोक्त सभी पदों के लिए अनिवार्य योग्यता- सम्बन्धित विषय में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि, परम्परागत उपाधि को वरीयता

**नोट:** एतदर्थ पूर्व प्रकाशित विज्ञापनों 18 व 19 दिसम्बर 2024 के अनुसार जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में आवेदन किया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उनके पूर्व प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार्य माने जाएगे।

प्रबन्धक

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार के महताब नगर में आवारा गाय द्वारा सींग मारने से एक प्रौढ़ की मौत हो गयी। महताब नगर निवासी 32 वर्षीय त्रिलोकी सिंह को कुछ दिन पूर्व आवारा जानवर ने सींग मारकर लहूलुहान कर दिया था। परिजन उपचार करा रहे ... हालत बिगड़ी और ... तोड़ दिया। सूचना पर ... पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी। जहां शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं परिजनों ने उक्त जानकारी दी।


## संशोधित विज्ञापन

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध श्री रत्न मोती संस्कृत महाविद्यालय, गोकुल, मथुरा में, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अनुमन्य वेतनमान में अधोलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु, आरक्षण नियमों के अन्तर्गत योग्य अभ्यर्थियों से प्रत्येक पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 25 दिवस के भीतर पंजीकृत डाक द्वारा इस प्रकार प्रेपित करें—

समस्त शैक्षणिक योग्यताओं की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न हों, 500/- (पाँच सौ रुपये) का बैंक ड्राफ्ट, जो प्रवन्धक, श्री रत्न मोती संस्कृत महाविद्यालय, गोकुल (मथुरा) के पक्ष में देय हो, आवेदन पत्र में मोबाइल नंबर उल्लिखित करें तथा एक रंगीन पासपोर्ट साइज छायाचित्र संलग्न करें

पदों का विवरण एवं अर्हताएँ-

1- प्राचार्य:- 01 पद

क वर्गीय विषय (साहित्य / व्याकरण) में से किसी एक विषय में द्वितीय श्रेणी में आचार्य (स्नातकोत्तर) उपाधि

स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 05 वर्ष का अध्यापन अनुभव

न्यूनतम आयु:- 30 वर्ष

परम्परागत उपाधि को वरीयता प्राप्त होगी।

3- प्रवक्ता (विभागाध्यक्ष), व्याकरण:- 01 पद

3- शिक्षक, व्याकरण:- 01 पद

4- प्रवक्ता (विभागाध्यक्ष), साहित्य:- 01 पद

5- शिक्षक, साहित्य:- 01 पद

नोट- शिक्षक (साहित्य) पद पर मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित याचिका संख्या- 8090/2024 (श्री मनोज कुमार दीक्षित बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य) के अन्तर्गत विचाराधीन है।

6- सहायक प्रवक्ता (आधुनिक विषय), हिन्दी- 01 पद

7- शिक्षक (आधुनिक विषय), समाजशास्त्र- 01 पद

उपरोक्त सभी पदों के लिए अनिवार्य योग्यता- सम्बन्धित विषय में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि,परम्परागत उपाधि को वरीयता

नोट- एतदर्थ पूर्व प्रकाशित विज्ञापनों के अनुसार जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में आवेदन किया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उनके पूर्व प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार्य माने जाएंगे।

प्रवन्धक